
दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 301 मुरादाबाद, 28 February 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी बोले- देश कृषि में एक सार्थक बदलाव की तरफ बढ़ रहा; खरगे के बहाने कांग्रेस पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है उनसे बेलगावी की विकास में नई गति आएगी। सैंकड़ों करोड़ रुपए के परियोजनाओं कनेक्टिविटी, पानी की व्यवस्था से जुड़े हैं। आप सभी को इन सभी विकास की योजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त जारी की। इस दौरान उन्होंने 2,700 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बहु-विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ ही पुनर्विकसित बेलगावी रेलवे स्टेशन भवन को राष्ट्र को समर्पित किया।




### कर्नाटक में स्टार्टअप्स की बहुत चर्चा

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल हमारे देश में, कर्नाटक में स्टार्टअप्स की बहुत चर्चा होती है। मगर हम देखें तो बेलगावी में तो 100 साल पहले ही स्टार्टअप्स की शुरूआत हो गई थी और तभी से बेलगावी अनेक प्रकार की उद्योग के लिए इतना बड़ा बेस बन गया है।

### बेलगावी की विकास में नई गति आएगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है उनसे बेलगावी की विकास में नई गति आएगी। सैंकड़ों करोड़ रुपए के परियोजनाओं कनेक्टिविटी, पानी की व्यवस्था से जुड़े हैं। आप सभी को इन सभी विकास की योजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### छोटे किसानों के खातों में अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपया जमा

उन्होंने कहा कि आज का बदलता हुआ भारत हर वंचित को वरीयता देते हुए एक के बाद एक विकास के काम कर रहा है। हमारे देश में दशकों तक छोटे किसानों को नजरअंदाज किया गया, अब यही छोटे किसान क्ष्छ्क्क सरकार की प्राथमिकता हैं। इन छोटे किसानों के खातों में अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपया जमा किया जा चुका है।

### हमारा कृषि बजट 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा

प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2014 के बाद से देश लगातार कृषि में एक सार्थक बदलाव की तरफ बढ़ रहा है। क्ष्छ्क्क सरकार में हम कृषि को आधुनिकता से जोड़ रहे हैं। कृषि को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। साल 2014 में भारत का कृषि का बजट 25 हजार करोड़ था। इस बार हमारा कृषि बजट 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है।

### किसानों के तकनीक से भी फायदा

उन्होंने कहा कि हमने तकनीक पर बल दिया जिसका फायदा भी किसानों को मिल रहा है। आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर जन-धन बैंक खाते ना होते, मोबाईल कनेक्शन ना बढ़ता, आधार ना होता तो क्या ये सब संभव हो पाता।

### कांग्रेस पर भी निशाना साधा

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं मल्लिकार्जुन खरगे जी का बहुत सम्मान करता हूं। अभी कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा था, वो सबसे सीनियर नेता हैं। वहां धूप थी, लेकिन धूप में छतरी का सौभाग्य उनको नसीब नहीं हुआ, बल्कि छाता किसी और के लिए लगा था। ये देख कर जनता समझ रही है कि रिमोट कंट्रोल किसके हाथ में है।

### देश कह रहा मोदी तेरा कमल खिलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग सोचते हैं कि जब तक मोदी जिंदा है, तब तक उनकी दाल नहीं गलने वाली। इसलिए सभी बोल रहे हैं कि मरजा मोदी, मरजा मोदी। कुछ लोग कब्र खोदने में लग गए हैं, कह रहे हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी। मगर देश कह रहा है कि मोदी तेरा कमल खिले

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com

## 2024 तक यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी, नितिन गडकरी ने किया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास



केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को बलिया में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 तक यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी हो जाएंगी। केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को बलिया के चितबड़ागांव पहुंचे। उन्होंने जनपद और आसपास के जिलों के कुल 6500 करोड़ निवेश से सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास रहा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे 5320 करोड़ रुपये में बनेगा। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे गाजीपुर के जंगीपुर से छपरा के रिविलगंज 117 किमी व भरौली से ऊंचाडीह तक 17 किमी लिंक फोरलेन है। गाजीपुर और बलिया के सीमावर्ती इलाका चितबड़ागांव में आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गड़करी ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के पहले यूपी में सड़कों के नेटवर्क को काफी मजबूत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की सड़कें अमेरिका की तरह होंगी।

### जो वादा कर रहा हूं वो निभाऊंगा

छोटे कस्बे से लेकर महानगरों तक आना जाना पूरी तरह सुगम हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2014 से पहले जहां 7000 किलोमीटर राष्ट्रीय मार्ग बनी थी वर्ष 2023 तक 14 हजार किमी से अधिक सड़क बन जाएगी। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ केंद्रीय मंत्री को सुनने के लिए पहुंची थी।नितिन गडकरी ने कहा कि मैं कभी झूठ नहीं बोलता हूं। जो वादा कर रहा हूं वो निभाऊंगा।

यूपी की अब तस्वीर बदलेगी। विकास हमेशा सड़क से ही होकर जाता है। अभी बलिया से पटना जाने में आपको चार घंटे लगते हैं। ये हाईवे जब बन जाएगा तब आप एक घंटे में पटना पहुंच जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मांग पर फेफना से हल्दी 200 करोड़ से निर्माण कराने की भी घोषणा की। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कई एक्सप्रेस-वे तथा फोरलेन सड़क की भी घोषणा की जिसमें बनारस, हावड़ा, गोरखपुर आदि क्षेत्रों के रहे। जिले में 13 आरओबी का भी निर्माण कराया जाएगा।

### 2024 तक बनकर तैयार होगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे

5320 करोड़ की लागत से बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से बलिया से लखनऊ, दिल्ली और बिहार जाना आसान हो जाएगा। 2024 तक ये एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार हो सकता है। इसी कुल लंबाई 134 किलोमीटर है। ये एक्सप्रेस-वे गाजीपुर और बलिया जिले से गुजरेगा।

## प्रयागराज से लेकर नोएडा तक अपराध, सपा नेता अबू आजमी बोले- यूपी में चल रहा गुंडाराज

आजमगढ़ के दौरे पर पहुंचे महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू हासिम आजमी ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यूपी में गुंडा राज चल रहा है। प्रयागराज से लेकर नोएडा तक आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। बेहतर कानून व्यवस्था के नाम पर सत्ता हासिल करने के बाद प्रदेश सरकार गुंडों का राज चला रही है। सूबे में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ गया है। प्रदेश भर में घटनाएं हो रहीं हैं। लेकिन, सरकार और उसकी पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। उक्त बातें महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू हासिम आजमी ने कहीं। आजमगढ़ में मीडिया से बातचीत में सपा नेता आजमी भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि प्रयागराज से लेकर नोएडा तक आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त होने का दावा करती है लेकिन उसका यह दावा हवा-हवाई ही साबित हो रहा है। हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म जैसे घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। पूरे यूपी का बुरा हाल हो गया है।




### विपक्ष खुल कर सामने नहीं आ रहा

उन्होंने कहा कि विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदेश में हो रहे घटनाओं का विरोध करता है उसे फर्जी मामलों में फंसा दिया जाता है। मुकदमे के भय से विपक्ष खुल कर सामने नहीं आ रहा है।

### अदाणी मामले में सरकार पर हमला

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अदाणी का घोटाला पूरे देश को बर्बाद कर देगा। जिन लोगों के पैसे बैंको में जमा है,

जब सच्चाई सामने आएगी तो वह डूब चुके होंगे। इसके बाद भी सरकार सरकारी संपत्ति व पैसा लगातार अदाणी को दे रही है। इससे देश के अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि इस देश की जुबान और तहजीब उर्दू भाषा के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अबू हासिम आजमी आजमगढ़ के कौरागहनी में आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए थे।

## सांसद निरहुआ प्रेस कॉन्फ्रेंस में भड़के, सरकार से सवाल पूछने वाले पत्रकारों को बताया सपा प्रतिनिधि

आजमगढ़ से भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ सोमवार को मीडियाकर्मियों पर ही भड़क गए। सरकार के खिलाफ प्रश्न पूछने वाले पत्रकारों को उन्होंने बातों ही बातों में सपा का प्रतिनिधि बता डाला। महंगाई और भ्रष्टाचार से संबंधित सवाल पूछना सांसद निरहुआ को नागवार गुजरा। दरअसल, सोमवार को बजट पर चर्चा को लेकर आजमगढ़ भाजपा कार्यालय में सांसद का कार्यक्रम था। इस दौरान सांसद निरहुआ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार के बजट को जनहितकारी बताते हुए अपनी पूरी बात रखी। इसके बाद मीडियाकर्मियों ने प्रश्न पूछना शुरू किया। एक पत्रकार ने जब बजट में महंगाई नियंत्रण की कोई व्यवस्था न होने की बात कही तो सांसद उखड़ गए। उन्होंने मीडियाकर्मी को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि तक बता डाला। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ एयरपोर्ट से जल्द उड़ान शुरू होने वाली है। इसके लिए लाइसेंस मिल चुका है। जल्द ही दिल्ली की टीम निरीक्षण करने आने वाली है।




### आजमगढ़ में लागू होगी महायोजना

उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रस्ताव को शासन स्तर से स्थगित कर दिए जाने की भी उन्होंने बात कही। निरहुआ ने कहा कि आजमगढ़ में महायोजना अब तक लागू नहीं हुई है, जिसके चलते यहां निवेश नहीं हो पा रहा है। अब जिला प्रशासन ने महायोजना का पूरा प्रस्ताव शासन को भेज दिया है, जिसे जल्द से जल्द पास करा कर लागू कराया जाएगा। ताकि जिले में भी बाहर से लोग आकर निवेश कर सकें।

बजट को लेकर आजमगढ़ भाजपा कार्यालय में सोमवार को सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ मीडिया से बात कर रहे थे। इस दौरान महंगाई को लेकर एक पत्रकार ने सवाल पूछा तो सांसद उखड़ गए।

## संपादकीय Editorial


# Heir of Khalistan!

Punjab is not looking normal, calm and happy these days. Poison is mixed in its air. Slogans of 'Khalistan Zindabad' are being raised openly. Armed Sikhs were seen going inside the 'Holy Golden Temple' and offering prayers. The way Sikhs with swords, sticks and guns were seen on the road and attacked the Ajnala Police Station, it seemed that the Punjab Police had become helpless, helpless and helpless! His morale is broken. In this scenario, Amritpal Singh, who returned from Dubai, is showing signs of becoming the 'second Bhindranwala'. Bhindranwala is his 'ideal'. He has declared himself a 'self-proclaimed Khalistani'. He has clearly said that he is not an 'Indian'. Amritpal has also declared himself as the head of the organization 'Waris Punjab De'. The organization was formed by late actor-singer Deep Sidhu. However, the way Amritpal Singh and his pro-Khalistan Sikhs, Nihangs have released their comrade Lovepreet Toofan from jail and had to absolve him of all charges, it is a sign of return of Khalistan era in Punjab. Concerned, the Union Home Ministry had to call for reports from the Punjab Police and the Intelligence Bureau. A high-level meeting of security agencies was also held, after which a dossier is being prepared on the 'new Bhindranwale'. Several politicians and former top police officers, including former Punjab chief minister Captain Amarinder Singh, have urged the central government's intervention. President's rule will be hasty for the time being, but an attempt can definitely be made to crack down on Amritpal Singh. His social media accounts have been closed. In fact, the 'Aam Aadmi Party' government of Punjab neither cares about these Khalistani antics nor is Chief Minister Bhagwant Singh Mann a politician with strategic thinking or knowledge. There is doubt whether there is any collusion between AAP and Khalistani leaders? Anarchy is visible at many levels in Punjab these days. Farmers and youth are also agitated and are on the streets. If they and the pro-Khalistan sympathizers join hands, they can become a very formidable force. In Punjab, Khalistan mobs were waving arms on the streets and Chief Minister Mann was meeting Uddhav Thackeray in Mumbai. The 'new self-styled godman' of Khalistan has threatened Union Home Minister Amit Shah to face the same consequences as late Prime Minister Indira Gandhi. The current Prime Minister Modi has also been challenged. It is being told that Pakistan's intelligence agency ISI had given armed training to Amritpal Singh and some of his associates in Dubai and they have been sent to India for further operations.Heir of Khalistan!

Punjab is not looking normal, calm and happy these days. Poison is mixed in its air. Slogans of 'Khalistan Zindabad' are being raised openly. Armed Sikhs were seen going inside the 'Holy Golden Temple' and offering prayers. The way Sikhs with swords, sticks and guns were seen on the road and attacked the Ajnala Police Station, it seemed that the Punjab Police had become helpless, helpless and helpless! His morale is broken. In this scenario, Amritpal Singh, who returned from Dubai, is showing signs of becoming the 'second Bhindranwala'. Bhindranwala is his 'ideal'. He has declared himself a 'self-proclaimed Khalistani'. He has clearly said that he is not an 'Indian'. Amritpal has also declared himself as the head of the organization

# These stars have shot scenes without clothes in films, there was a lot of ruckus

In films, scenes are shot according to the demand of the story. Some scenes in this episode are completely offbeat. Sometimes doing such scenes in films is the first experience for the actors. On one hand the actors feel uncomfortable, on the other hand the makers are worried whether the audience will accept or not! There are many films in which, understanding the need of the script, the actors gave scenes without clothes and when these films reached the audience, there was a lot of controversy Aamir Khan- Actor Aamir Khan is also included in this list. He gave such a scene in the film 'PK', in which he was seen without clothes. There was a lot of controversy over this scene of Aamir. Please tell that this film made under the direction of Rajkumar Hirani came in the year 2014. Aamir appeared as an alien in it. Radhika Apte- Radhika Apte is one of the bold actresses of Bollywood. He has given a very bold scene in the film 'Parched'. This scene of the film was very much discussed. During a conversation, Radhika said about that scene, 'It was not easy at all, because at that time I was very worried about my body image. In such a situation, doing scenes without clothes on the screen was a very frightening experience. 'Ranbir Kapoor-Ranbir Kapoor had created a lot of discussion by giving bold scenes in his debut film 'Saawariya' itself. During that scene, Ranbir Kapoor had no clothes on his body except a towel. Let us tell you that this film, directed by Sanjay Leela Bhansali, was released in the year 2007. Anil Kapoor - Actor Anil Kapoor also has a scene in the film Nayak, in which he is seen without clothes. During that scene, scorched in fire, Anil Kapoor takes off all his clothes and jumps into a drain to save his life. According to reports, in this film, Anil shot nude body for the first time for an action scene. According to reports, 36 different cameras were used at the same time for a single frame of this scene. Amala Paul- The name of South Industry's famous actress Amala Paul is also included in this. Amala has made her acting debut in many brilliant films. In the film 'Adai', Amala gave scenes made of clothes.



# Ananya will be seen in Vikramaditya Motwani's film, wrote an emotional note after the shooting was over



Bollywood actress Ananya Pandey has appeared in many Bollywood films till now. However, he has not achieved the expected success in his career so far. The actress will soon be seen in Vikram Motwani's film. This is a thriller film, in which Ananya is going to be seen in an important role. Recently, Ananya has given a big update on social media regarding this film. He has informed that the shooting of this film has now been completed. Information given on social media- Ananya Pandey told through social media on Monday that she has completed the shooting of director Vikramaditya Motwane's unnamed thriller. In this post, he also thanked the director and the entire team of the film. The actress wrote, "And the shoot is over! Vikramaditya Motwani I can't thank you enough, but I hope I've made you proud and will continue to do so. Thank you to each and every member of the team who made this Gave my all for the magical film - I love you guys. knew you Today I am proud to call myself a fan and you a friend." Vikramaditya Motwane has directed these films- Let us tell you that films like 'Udaan', 'Lootera', 'Bhavesh Joshi Superhero' and 'AK vs AK' have been made. Talking about his upcoming film, he said that his new film has a modern-day appeal and is very relevant to the present times. The film is a Screenlifer, which will be told entirely through the screens that he has lived in. We use computers as mobiles and TVs. This is something that neither I nor Ananya have tried before. I am very excited for this. Significantly, this film is currently in post production. The makers will soon announce the title and release date of the film.

## Guneet Monga reunites with Umesh Bisht after the success of 'Paglet', signs for new film

The documentary short film 'The Elephant Whispers' from his production house on Netflix is heading towards the 95th Oscars. Directed by Karthik Gonsalves, 'The Elephant Whispers' is the story of an indigenous couple in South India who get involved with Raghu, an orphaned elephant. Once again director Umesh Bisht has been signed for his upcoming film. Monga and his production house are known for choosing stories out of the league. Sanya Malhotra starrer film 'Paglet' is an example of this. Talking about Umesh, Guneet Monga says, 'Umesh is a great storyteller who has a deep and wonderful understanding of human emotions, which is his specialty. That's why Paglet's poignant and extraordinary story has touched the hearts of so many people. This is Sikh Entertainment's second collaboration with Umesh Bisht. 'The Elephant Whispers' the story of an indigenous couple- Meanwhile, the documentary short film 'The Elephant Whispers' from his production house on Netflix is heading towards the 95th Oscars. Directed by Karthik Gonsalves, The Elephant Whispers is the story of an indigenous couple in South India who bond with Raghu, an orphaned elephant, who later becomes his caretaker. The film has been nominated among the Worldwide Top Five Documentary Shorts by the Academy, marking the third Oscar nomination for producer Guneet Monga.



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद मुरादाबाद की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद मुरादाबाद के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु प्राप्त धनराशि को व्यय किए जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया तथा दिनांक 24 से 26 जनवरी 2023 की अवधि में उ0प्र0 दिवस 2023 के आयोजन हेतु प्राप्त धनराशि के अर्न्तगत कराये गये कार्यक्रमों से संबंधित देयकों के भुगतान हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में एसपी टैªफिक सुभाष गंगवार, उप प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम बिजेन्द्रपाल, कोषाधिकारी अरूण कुमार यादव, अधिशासी अभियन्ता आर0आर0पी0 सिंह आदि उपस्थित रहें।


## एटा डिपो का होगा कायाकल्प जल्द मिलेगा नई बसों का बेड़ा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन के जीएम ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ रोडवेज बस स्टैंड, वर्कशॉप का निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम ने रोडवेज परिसर और बसों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही खराब डीजल औसत में सुधार लाने के साथ चालक, परिचालकों को यूनीफार्म में ही रूट पर भेजने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने एटा डिपो के कायाकल्प के संबंध में विस्तार पूर्वक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन टेक्नीकल विभाग के जीएम सत्यनारायण ने अलीगढ़ क्षेत्र आरएम सत्येंद्र कुमार वर्मा, एसएम विनोद कुमार एवं एटा डिपो एआरएम राजेश यादव के साथ सबसे पहले रोडवेज बस स्टैंड पर पानी की टोटियों, सीसीटीवी कैमरा एवं साफ-सफाई सहित यात्री संबंधी अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद रोडवेज कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। अधिकारियों के जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। छह माह के अंदर एटा डिपो में नहीं मिलेगी पुरानी बस एटा। निरीक्षण के दौरान जीएम सत्यनाराण ने बताया कि एआएम द्वारा दिए गए प्रस्ताव के अनुसार एटा डिपो को जल्द ही 45 नई बसें दी जाएगी। शेष 39 पुरानी बसों के स्थान पर नई बसें दी जाएगी। इसके साथ ही एटा-अलीगढ़ रूट पर 40 नई अनुबंधित बसों को लगाया जा रहा है। जिससे एटा-अलीगढ़ की सवारियों को परेशानियां नहीं होगी। इसके साथ ही एटा-आगरा रूट पर रात को भी भरपूर रोडवेज बसों की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही रोडवेज बस स्टैंड एवं वर्कशॉप का भी जल्द ही कायाकल्प कराया जाएगा। जिसका प्रस्ताव आरएम स्तर से शासन को भेजा जाएगा। यह कार्य द्वितीय चरण में होगा।

## दर्जनों चोरी की घटनाओं पर पर्दा डालने वाली देवरनियां पुलिस को बाइक चोरों ने दिन दहाडे बाइक चोरी कर दी फिर चुनौती

जुनैद अल्वी की रिपोर्ट
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




बरेली-देवरनियां। कोतवाली पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम सावित हो रही है। पखुर्नी प्राथमिक स्कूल व कस्बा की एक दुकान समेत कनमन की साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी की अव तक हुई चोरी की घटनाओं को देवरनियां पुलिस अभी तक नहीं खोल सकी है। और अव कोतवाली क्षेत्र के गांव इटौआ में शादी समारोह से दिन में एक युवक की बाइक फिर चोरी हो गयी है। जिसकी तहरीर पीडित ने देवरनियां पुलिस को दी है। देवरनियां पुलिस ने क्षेत्र में अव तक हुई दर्जनों चोरी की घटनाओं पर पर्दा डाल दिया है। तो वहीं क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। गत दिनों पखुर्नी प्राथमिक स्कूल से प्रोजेक्टर, यूपीएस, स्पोटर्स का सामान चोरी हो गया था। वहीं कस्बा में एक दुकान से चोरी और कनमन की साप्ताहिक बाजार से कठर्रा निवासी एक युवक की बाइक चोरी हो चुकी है। लेकिन देवरनियां पुलिस सभी घटनाओं पर पर्दा डालती रही है। तो दिन रविवार को शेरगढ़ थाने के गांव बैरमनगर निवासी निवासी इरफान पुत्र इशाक मोहम्मद अपने बहनोई की अपाचे बाइक लेकर कोतवाली क्षेत्र के गांव इटौआ में मेंहदी हसन के घर शादी समारोह में शामिल होने आया था। जहां से दिन में लगभग तीन वजे इरफान के मुताबिक उसकी बाइक को अग्यात चोर चोरी कर ले गये हैं। जिसकी पीड़ित ने बाइक चोरी की तहरीर देवरनियां पुलिस को दी है। उधर पखुर्नी प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका अर्चना गंगवार ने भी चोरी कि घटना की तहरीर पुलिस को दी है। लेकिन दोनों घटनाओं की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज नही की है। वहीं इंस्पेक्टर देवरनियां इन्द्र कुमार ने बताया कि बाइक व पखुर्नी स्कूल की चोरी की तहरीर मिली है। जांच के वाद विधिक कार्रवाई की जायेगी ।

## 15 सूत्रीय कार्यक्रम में समीक्षा बैठक सम्पन्न

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- मा0 अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग श्री अशफाक सैफी की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु संचालित 15 सूत्रीय कार्यक्रम में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। मा0 अध्यक्ष उ0प्र0 अल्पसंख्यक आयोग ने समीक्षा बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को वक्फ की सम्पत्तियों पर विशेष निगरानी रखते हुए सम्पत्तियों से अवैध कब्जा एवं अतिक्रमणमुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ की सम्पत्तियों पर अवैध कब्जेदारों से सख्ती से निपटा जाये। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही, बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी विश्राम सिंह, वक्फ इंस्पेक्टर मोबीन हसन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## तेरहवीं के कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- तेरहवीं के कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार युवक को वाहन ने रौंद दिया। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हमारे अलीगंज संवाददाता के मुताबिक थाना जसरथपुर के गांव नगला नया निवासी राजीव ( 26 ) पुत्र रामसरन सिंह शनिवार रात बाइक से अलीगंज से गांव लौट रहे थे। पोस्टमार्टम गृह पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि राजीव की मां का देहांत हो गया था। दो दिन बाद तेरहवीं थी। जिसके कार्ड बांटने के लिए वह अलीगंज गया था। देर रात गांव लौट रहे थे। अलीगंज मार्ग स्थित गांव अकबरपुर कोट पीपल मंदिर के पास पहुंचे। वही पर वाहन ने रौंद दिया। टक्कर लगने से युवक गंभीर घायल हो गया। बाइक के बुरी तरह से परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने ग्रामीणों की मदद से घायल को स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया। हालत गंभीर देख घायल हो हायर सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। आशाकी निकाली गोली- एटा। आशा कार्यकत्री को गोली मारकर घायल करने के मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। रिपोर्ट घायल महिला के भाई ने दर्ज कराई है। आरोपी की तलाश में पुलिस की दबिश लगातार जारी है। शनिवार रात को आगरा में चिकित्सकों ने महिला का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला के सिर से गोली निकाली गई है। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। बताया जा रहा है कि सिर पर रखकर गोली मारी गई है। जिसके कारण ज्यादा फैलाव नहीं हो सका है। सिर में गोली दिखाई दे रही है। शनिवार को आशा कार्यकत्री अर्चना पत्नी मनोज निवासी मानपुर कोतवाली देहात को आरोपी मुकेश निवासी लख्मीपुर अमांपुर कासगंज ने मोहल्ला पीपल अड्डा स्थित किराएं के कमरे पर बुलाकर गोली मारी थी। कमरे में गोली मारकर भाग गया था। मामले में घायल महिला के भाई सत्येन्द्र निवासी नगला चक थाना पटियाली कासगंज ने आरोपी मुकेश के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ नगर डा. सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा। युवती लापता, अपहरण का आरोप- एटा। सकीट में ब्यूटीपार्लर जाने की कहकर निकली युवती लापता हो गई। भाई ने एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए रिपोर्टकराई है। पुलिस नेतलाश शुरू कर दी है।कीट संवाददाता के मुताबिक थाना सकीट के एक मोहल्ला निवासी भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 20 फरवरी को बहन ब्यूटी पार्लर जाने कहकर घर से निकली थी उसके बाद से वह घर नहीं लौटी। घर न लौटने पर घरवालों ने काफी तलाश किया। युवती का पता नहीं चल सका है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी सोनू निवासी कायमगंज फर्रुखाबाद बहन को भगा ले गया है। बहन के अपहरण का आरोप लगाया है। सकीट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बेटी हुई लापता, अज्ञात में रिपोट- एटा। थाना रिजोर के एक गांव निवासी पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 फरवरी को बेटी घर से निकली थी उसके बाद से घर पर लौटी ह। पिता ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आज तीन घंटे बाधित रहेगी बत्ती- एटा। रविवार को विद्युत वितरण नगरीय खंड एसडीओ प्रथम योगेश कुमार ने बताया कि आगामी होली के त्यौहार एवं गर्मी के दिनों में निर्वाध बिजली आपूर्ति देने के लिए 27 फरवरी को शहर के ठंडी सड़क बिजलीघर पर अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। जिसके चलते पूर्वान्ह 11 से दोपहर 02 बजे तक बिजलीघर के तहत आने वाले सभी क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अलीगढ़ में हादसे में युवक की मौत- अलीगढ़/लोधा। थाना क्षेत्र के गांव जतनपुर चिकावटी के पास बैंड में धक्का लगा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। उसकी मौत हो गई। जिला एटा के गांव अवागढ़ निवासी जावेद ( 35 ) पुत्र नूर मोहम्मद शादियों में बैंड पर काम करता था। शनिवार रात को खेरेश्वर हाईवे स्थित जतनपुर चिकावटी के पास बारात चढ़त के दौरान बैंड में पीछे से धक्का लगा रहा था। तभी पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मार दी

## इशारा पूर्वी की प्रधान तथा सचिव के विरुद्ध कराई एफआईआर

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- सकीट में अपात्रों को आवास देने के मामले में एक और एफआईआर दर्ज हो गई है। खंड विकास अधिकारी ने प्रधान तथा सचिव के विरुद्ध थाना सकीट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सचिव के खिलाफ निलंबन जैसी कार्रवाई को भी पत्र में लिखा गया है। डीएम से की गई शिकायत के बाद हुई जांच में पूरे मामले का खुलासा हुआ था। हमारे सकीट संवाददाता के अनुसार गांव हरकिशनपुर निवासी कमलेश कुमार ने डीएम से शिकायत की थी। इसमें आरोप था कि अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है जबकि पात्रों के नाम तक नहीं है। शिकायत के बाद खंड विकास अधिकारी तथा नायब तहसीलदार शाश्वत अग्रवाल ने संयुक्त जांच की। जांच में सामने आया कि 46 में से 33 लाभार्थी ऐसे निकले तो अपात्र थे। जिनमें से 17 अपात्रों को सचिव की संस्तुति के बाद प्रथम किशत 40 हजार भी जारी कर दी गई थी। प्रधान पर एफआईआर दर्ज हो गई है। जिसके बाद सकीट पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले से संबंधित दस्तावेज सकीट पुलिस ने जुटाना शुरू कर दिया है।

## जनपद मुरादाबाद में 24 अप्रैल 2023 तक धारा 144 लागू

अफाक हुसैन-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जनपद मुरादाबाद की संवेदनशीलता तथा जनपद में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य विभिन्न परीक्षाओं व निकट भविष्य में मनाये जाने वाले पर्व होली, शवे बरात, रामनवमीं, महावीर जयंती, गुड फ्राईडे, डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिवस, जमा-तुल-विदा ( अलविदा ), रमजान का अन्तिम शुक्रवार, ईद-उल फितर के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्टेªट जनपद मुरादाबाद श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अर्न्तगत निषेधाज्ञा जारी की है जो दिनांक 24 अप्रैल 2023 तक जनपद मुरादाबाद में लागू रहेगी।

## त्योहारों के दृष्टिगत शांति समिति मीटिंग का आयोजन किया गया



अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- त्योहारों के दृष्टिगत शांति समिति मीटिंग का आयोजन थाना मुगलपुरा में किया गया जिसमे त्योहारों पर सभी से एक साथ रहकर शांति के साथ मानाने की अपील की गई जिसमे कोतवाली सीओ, नगर आयुक्त और थाना मुग़ल पूरा के थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दुर्घटना मे घायल शिक्षिका को दी पचास की आर्थिक सहायता

जुनैद अल्वी की रिपोर्ट -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-देवरनियां। परिषदीय विघालयों के कार्यरत शिक्षकों की आर्थिक सहायता के लिए बनी टीम? टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दुर्घटना मे घायल शिक्षिका को पचास हजार की आर्थिक सहायता दी है। दुर्घटना मे घायल होने और दिवंगत शिक्षकों की आर्थिक सहायता के लिए गठित की गयी, टीचर्स सेल्फ केयर टीम लगातार शिक्षकों की आर्थिक सहायता कर रही है। सोमवार को टीम के जिला संयोजक अनन्त रस्तोगी, प्राथमिक शिक्षक संघ नरेश गुट के ब्लाक अध्यक्ष मनोज गंगवार अपनी टीम के साथ ब्लाक दमखोदा के कम्पोजिट विघालय भैरपुरा पहुंचे और दुर्घटना मे घायल हुई शिक्षिका फरजाना वानो को इलाज के लिए पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। शिक्षिका मेडीकल से सोमवार को ही लौटी हैं। मनोज गंगवार ने बताया, कि टीम से प्रभावित होकर स्कूल की प्रधानाध्यापिका रश्मि कंचन, सहायता अध्यापिका ऊषा गंगवार ने टीचर्स सेल्फ केयर टीन पंजीकरण कर सहयोग करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि उस टीम का गठन बीस जुलाई 2020 को किया गया था। दो साल पुरे प्रदेश के 101 दिवंगत शिक्षकों के परिवार वालों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। टीम दुर्घटना मे घायल शिक्षकों को पच्चीस से पचास हजार और दिवंगत परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता करती है। इस दौरान जिला सह संयोजक अनन्त रस्तोगी, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी जितेंद्र मोहन वर्मा, जिला सह संयोजक हरीश गंगवार, रिज़वान अहमद, ब्लाक संयोजक लख्मी चन्द्र, ब्लाक सह संयोजक जगदीश गंगवार, इरशाद अहमद,प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनोज गंगवार, मंडलीय संयुक्त मंत्री पंकज सिंह, रश्मि कंचन,ऊषा गंगवार आदि प्रमुख मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# जूनियर हाईस्कूल में बिना बरसात के जलभराव




लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- धनीपुर जूनियर हाईस्कूल में बिना बरसात के जलभराव की स्थिति गंभीर नगर निगम की लापरवाही का प्रमाण की जाएगी नगर विकास मंत्री से शिकायत (ठाकुर राकेश कुमार सिंह) गांव धनीपुर जूनियर हाई स्कूल के अंदर बाहर जलभराव की स्थिति स्कूल की स्थिति पानी भराव की अति गंभीर है नगर निगम के क्षेत्र में यह एरिया आता है बताया गया है कि कई बार इस संबंध में लिखित में दिया जा चुका है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है 400 के करीब बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं बच्चों की दुर्दशा हो रही है क्योंकि जलभराव के अंदर से बदबू आती है निगम के अधिकारियों को पूरी जानकारी होने के बावजूद भी इस स्कूल में इस तरह की स्थिति बनी हुई है नगर निगम को इस समस्या की तरफ ध्यान देना चाहिए यह मामला अति गंभीर है यह सब लापरवाही का प्रमाण दर्शा रही है नगर निगम के क्षेत्र में यह स्कूल आता है इसी स्कूल की यह दोनों तस्वीरें दुख दर्द बयां करती हैं सरकार नगर निगम को बराबर पैसा भेज रही है लेकिन नगर निगम की तरफ से अभी तक कोई पहल नहीं की गई है यह एक गंभीर मामला है नगर आयुक्त को इस बात का ध्यान देना चाहिए वह नगर निगम के सबसे बड़े अधिकारी है उनको ध्यान देना चाहिए तत्काल इस पर कार्रवाई करनी चाहिए इसका विकास कराना चाहिए इसकी शिकायत श्री नगर विकास मंत्री जी और नगर विकास मंत्रालय को लिखित में दी जाएगी सरकार का पैसा सही जगह लगना चाहिए फालतू जगह पर पैसा खर्च नहीं करना चाहिए जहां जरूरत है पैसा लगाने की वहां पर पैसा लगाइए स्कूल में जरूरत है पैसा लगाने की इस स्कूल में पैसा लगाइए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने भी इस समस्या का पूरी तरह से समाधान करने का प्रयास किया है और नगर निगम को बताया भी है

# जीवन में हरिकथा का रस पान मनुष्य को लगा देता है भव सागर से पार - आचार्य शिवम शास्त्री



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-अकराबाद - गांव दभा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य शिवम महाराज ने परिक्षित जी व शुकदेव की कथा का सरस वर्णन करते हुये कहा कि मानव जीवन में क्या ध्यान योग्य है, क्या गान योग्य है, क्या पान योग्य है, जीवन में ठाकुर जी ही ध्यान योग्य है, सदा भगवान का ध्यान करना चाहिए। गान योग्य केवल ठाकुर जी का नाम ही है हरी भजन ही है और पान योग्य केवल हरिकथा ही है। जिसका हर एक मनुष्य को पान करना चाहिए वो भी तब तक जबतक जीव का मोक्ष ना हो जाए। आचार्य शिवम शास्त्री ने कथा पंडाल में मौजूद भक्तों को दिव्य महाभारत के प्रसंगों की विस्तार से जानकारी दी एवं परीक्षित जी महाराज को संत का अनादर करने पर लगा श्राप जिसके कारण परीक्षित जी सर्वस्व छोड़कर गंगा के किनारे गए जहां शुकदेव जी महाराज ने दिव्य श्रीमद्भागवत की कथा से उनको भवसागर से पार लगाया। उन्होंने कहा कि सभी जीवों को भवसागर से पार करने का एकमात्र साधन है श्रीमद् भागवत कथा जिसका हर किसी को श्रवण करना चाहिए और उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। कथा के दौरान सुप्रीम सागर अर्बन स्वास्थ्य समन्वयक मंडल अलीगढ़, गोपाल कृष्ण उपाध्याय, डा.विवेक उपाध्याय, मुकेश यादव, हरकेश प्रधान, सुमित यादव, सौरभ यादव, ब्रजेश उपाध्याय, अरबिंद, गुलजारी लाल मास्टर, भोजराज, पटवारी, मुन्ना, सूरज ल मामा, नौरंगी लाल, पंकज, रामप्रकाश, सर्वेश उपाध्याय बैनीराम, धर्मपाल, पातीराम सहित तमाम श्रोता मौजूद रहे।

## घर में घुसकर की मारपीट व छेड़छाड़, 18 पर मुकदमा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

हरदुआगंज - हरदुआगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने बताया कि समारोह के दौरान बेटे की पूर्व प्रधान इकराम खां से कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश के तहत इकराम ने अपने बेटे इकरार, इस्तिकार, लालू, इतवारी फैजल व वारिस, बबलू, साकिब व दस अज्ञात लोगों के साथ घर पर हमला बोल दिया। परिवारियों को मारपीट कर घायल कर बेटी के कपड़े फाड़ डाले। पुलिस ने घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराते हुए मुकदमा दर्ज किया है

# होलिका दहन की जमीन पर अवैध कब्जे को उप जिला अधिकारी जमुनहा ने हटवाया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा में गाटा संख्या 1290 पर होलिका दहन स्थल के नाम पर दर्ज है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी जमुनहा को किया। जिस पर तत्काल राजस्व टीम को भेजकर होलिका दहन स्थल के निरीक्षण के बाद गांव के ही बांके लाल ने सरसो का फ़सल लगा रखा था। जिससे राजस्व टीम ने तीन दिनों में होलिका दहन स्थल को अतिक्रमण हटवाने की नोटिस दे दिया। जबकि कब्जे दार बांके लाल वर्मा ने अतिक्रमण में लगा फ़सल न हटाने पर उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने नायब तहसीलदार जमुनहा शुभम तिवारी मय राजस्व टीम व मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव की मय सिपाहियों के संयुक्त टीम बनाकर होलिका दहन स्थल पर लगा सरसो की फसल को सोमवार को ट्रैक्टर से जोतवा कर कब्जा हटा दिया गया है।

# कोतवाली फतेहगढ़ चोरी की गई बाइक व लूटे गए 17 मोबाइल फोन सहित 2 शातिर लुटेरे गिरफ्तार



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने एसओजी टीम के सहयोग से मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली फतेहगढ़ के इंस्पेक्टर सचिन कुमार सिंह ने एसओजी टीम के सहयोग से कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम देवरामपुर ठंडी सड़क निवासी विशाल सिंह जाटव पुत्र महेश चंद एवं कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम पिपरगांव निवासी शाहरुख मंसूरी पुत्र उस्मान मंसूरी उर्फ समसुद्दीन को गमा देवी मंदिर के निकट गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने मीडिया को बताया कि इन लुटेरों के पास लूटे गए 13 मोबाइल एंड्राइड फोन एवं दो मोटरसाइकिल बरामद की गई। जिनमें एक बिना नंबर की अपाचे तथा दूसरी काले रंग की पल्सर बाइक है। विशाल के विरुद्ध लूट गैगेंस्टर के 13 मुकदमे दर्ज है। जबकि शाहरुख पर पांच मुकदमे कायम है। बताया गया कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम अर्राह अवाजपुर निवासी अतुल जाटव पुत्र विश्राम लूट की वारदातों में शामिल रहा। जिसको तलाश किया जा रहा है। शातिर लुटेरों ने लूट की कई वारदातों का इकबाल किया है जिनमें कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम नेकपुर कलां निवासी जनार्दन प्रकाश द्विवेदी के बेटे का मोबाइल फोन लूटने, जनपद सीतापुर निवासी आदित्य कुमार शुक्ला का मोबाइल फोन लूटने। मोहल्ला गंगा नगर कॉलोनी निवासी विनीत कुमार दीक्षित की पुत्री का मोबाइल फोन लूटने की घटनाएं शामिल है। लड़की के मोबाइल फोन में 2250 रुपए भी थे। एसपी श्री सिंह ने बताया कि शातिर आरोपी बाइकें चुराते थे और उसी बाइक का प्रयोग कर मोबाइल फोन लूटने की बारदातें करते थे। फोन लूटने के लिए सुनसान इलाके की रेकी की जाती थी। सपा नेता की बाइक बरामद मेडिकल चौकी इंचार्ज जितेंद्र पटेल ने बताया की तहसील सदर के अधिवक्ता नंदकिशोर दुबे की चुराई गई पलसर बाइक नंबर यूपी 32 केयू 3857 बरामद हो गई है। श्री दुबे की बाइक ग्राम कुइयांबूट बाईपास स्थित राकेश मिश्रा के आवास के बाहर से 8 फरवरी की रात में चुराई गई थी। चौकी इंचार्ज ने बताया कि नंदकिशोर दुबे ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाइक उनके नाम नहीं है बल्कि किसी रस्तोगी के नाम है जिन्होंने नीलामी में मोटरसाइकिल खरीदी थी।

# बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में युवक घायल: दो भाइयों की मौत से परिवार में मच गया कोहराम



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद कायमगंज बाइकों की भिड़ंत में निखिल व नीतेश भाइयों की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। 24 वर्षीय निखिल एवं 18 वर्षीय नीतेश थाना कमालगंज के ग्राम शेखपुर निवासी नरेंद्र कुशवाह के पुत्र थे। दोनों भाई सुबह करीब 8 बजे बाइक से कमालगंज जा रहे थे। जब वह कमालगंज गल्ला मंडी के सामने से गुजर रहे थे उसी समय कमालगंज की ओर से आई बाइक सवार से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना होने पर दोनों भाई सड़क की ओर जा गिरे जबकि दूसरा बाइक सवार युवक नितिन पाल रेलवे लाइन की ओर गिरा। उसी दौरान कमालगंज की ओर से आए डंपर से दोनों भाई कुचल कर मर गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कमालगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह ने मृत भाइयों को कमालगंज सीएचसी पहुंचाया। इसी थाने के ग्राम पेरी नवादा निवासी अखिलेश पाल के 19 वर्षीय घायल पुत्र नितिन को सीएससी कमालगंज से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। निखिल की 3 माह पूर्व ही संगीता से विवाह हुआ था। पुत्रों की मौत पर मां रेखा आदि परिवार की महिलाएं बिलखती रही। नितिन आरपी डिग्री कॉलेज में परिवार की छात्रा को परीक्षा केंद्र पर छोड़कर फतेहगढ़ की ओर जा रहा था। पुलिस ने दोनों भाइयों के पंचनामा की कार्यवाही शुरू कर दी।

# दस लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- थाना प्रभारी सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय हमराही द्वारा थाना इकौना क्षेत्र के कुम्हारगढी पुलिया के पास से अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र रामदेव निवासी पश्चिमी केवटन पुरवा दा0सेमगढा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

# पीडब्ल्यूडी की सड़क मरम्मत मे अनीमित्ता



अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती पीडब्लूड़ी की सड़क मरम्मत में अनिमीयता की जा रही है। जमुनहा बस स्टैंड से मनोतरी जब्दा तक 900 मीटर तक सड़क को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है।

जबकि ठेकादार द्वारा पुरानी सड़क को साफ सुथरा न कराकर गर्दा में लेपन मानक विहीन बनाया जा रहा है। तारकुल व इमलसन मानक के अनुरूप कम डाल कर बनाया जा रहा है। जिससे गिट्टी सहित उजड़ने की संभावना है। वही गांव निवासी गुलाब सिंह, सबित राम, अब्दुल्ला खान, दिनेश त्रिपाठी, दिनेश यादव, जसिम आदि लोगो ने जिलाधिकारी श्रावस्ती को जाँच कर सही करवाने की मांग किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# रेल मंडल ने एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार की डीपीआर बनाई, रेल लाइन विस्तार के लिए बजट स्वीकृत करेगा




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-रेल मंडल ने एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार की डीपीआर बनाई, रेल लाइन विस्तार के लिए बजट स्वीकृत करेगा रेलवे ट्रैक के विस्तार की डीपीआर मंत्रालय को भेजी एटा, । एटा-कासगंज के बीच रेल लाइन विस्तार होगा। इसकी पुष्टि पहली बार पूर्वोत्तर रेलवे मंडल के उच्चाधिकारियों ने की है, जिससे जिले के लोगों में रेल लाइन विस्तार की उम्मीद जागी है। एटा से कासगंज के बीच 29 किमी लंबी रेल लाइन के बन जाने से एटा ही नहीं बल्कि पूर्वोत्तर रेल मंडल से जुड़े सभी क्षेत्र के लोगों के साथ रेलवे को भी बेहद लाभ होगा। बीते दिन शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेल मंडल महाप्रबंधक चंद्रवीर रमण एवं इज्जत नगर डीआरएम रेखा यादव ने रेल मंडल के विभिन्न अधिकारियों के साथ कासगंज जंक्सन का निरीक्षण किया। इस दौरान रेल मंडल महाप्रबंधक ने पहली बार एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार होने की बात कहीं। रेल महाप्रबंधक ने बताया कि एटा-कासगंज के बीच नई रेल लाइन विस्तार के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाकर रेल मंत्रालय को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि अब धरातल पर रेल लाइन विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने इस रेल लाइन का निर्माण होने से विभिन्न प्रकार के सकारात्मक परिणाम सामने आने की बात कहीं। डीपीआर के पास होने के बाद बजट होगा स्वीकृतएटा। शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे के उप रेल मंडल इज्जत नगर के पीआरओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार के लिए पूर्वोत्तर रेल मंडल ने रेल मंत्रालय को डीपीआर बनाकर भेज दी है। मंत्रालय डीपीआर के अनुसार इस रेल लाइन विस्तार के लिए बजट स्वीकृत करेगा। उसके बाद ही रेल लाइन निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इस कार्य में कितना समय लगेगा बताया नहीं जा सकता है। रेल लाइन विस्तार के लिए हो चुका है फाइनल सर्वेक्षण कार्यएटा। एटा-कासगंज रेल विस्तार के लिए पूर्वोत्तर रेल मंडल फाइनल सर्वेक्षण कार्य करा चुका है। सर्वेक्षण कार्य के लिए पिछले रेल बजट में पूर्वोत्तर रेल मंडल को बजट मिला था। जिसका जिक्र रेल मंडल की पिंक बुक में भी था। एटा के लोग बोले पूर्वोत्तर रेलवे मंडल महाप्रबंध ने एटा-कासगंज रेल लाइन निर्माण के संबंध में पहली बार बयान दिया है। उन्होंने रेल लाइन विस्तार के लिए डीपीआर मंत्रालय भेजने की भी बात कही है। जबकि जिले के जनप्रतिनिधि पहले से ही इस रेल लाइन के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है की बात कर जनता को गुमराह करते आ रहे थे। अब जल्द ही बजट स्वीकृति के लिए जनप्रतिनिधियों को पहल करने की जरुरत है।- मेधाव्रत शास्त्त्री, समाजसेवी एटा। एटा-कासगंज रेल लाइन बनने के बाद एटा का हो जाएगा चौमुखी विकास रेल अधिकारियों ने पहली बार दी है इस लाइन के निर्माण पर प्रतिक्रिया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
24x7 KNLS लाइव
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है